कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

प्रेस–नोट
(दिनांक 14.03.2024)
आयुक्तालय जोधपुर

श्रीमान राजेन्द्र सिंह पुलिस आयुक्त महोदय जोधपुर के निर्देशानुसार दिनांक 13.03.2024 को वक्त **7:00 PM** से **11:00 PM** तक वाहन पार्किंग स्थलों का चैकिंग अभियान तथा वक्त **10:00 PM** से **12:00 AM** तक काले शीशे वाहनों का **MV Act** एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों का **185 MV Act** में चालन कार्यवाही अभियान चलाए गए।

पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र के वृतक्षेत्र सहायक पुलिस आयुक्त अधिकारियों के सुपरविजन में थानाधिकारियो द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रों में स्थित पार्किंग स्थल चेक किए गए इस प्रकार लगभग 26 वाहन पार्किंग स्थलों को चेक किया । चेकिंग में लगभग सभी वाहनों को चेक किया गया। विशेषतः उन वाहनों के बारे मे जानकारी ली गई जो लंबे समय से पार्किंग स्थलों पर खड़े हैं।

सभी वाहन पार्किंग स्थलों के ठेकेदारों एवं उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वाहन पार्किंग स्थलों पर पार्किंग किये जाने वाले वाहन तथा उस वाहन के स्वामी के बारे में आवश्यक जानकारी रजिस्टर में इंद्राज करें। पार्किग स्थल पर कार्यरत कर्मचारियों का पुलिस चरित्र सत्यापन करवाना आवश्यक ,लंबे समय से खड़े वाहनों एवं सन्दिग्ध वाहनों की सूचना तुरंत पुलिस को देवे।

इसी प्रकार आयुक्तालय क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जिला पूर्व व पश्चिम तथा समस्त पुलिस थाना वृताधिकारीगण के सुपरविजन में मोनिटरिंग कर समस्त थानाधिकारी को अपने–अपने थाना क्षेत्रों में पॉइंट चिन्हित कर काले शीशे वाहनों का **MV Act** एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 185 एमवी एक्ट में कार्यवाही करने को निर्देश दिए गए ।

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर क्षेत्र में उक्त अभियान के दौरान 13 काले शीशे वाहनों का एमवी एक्ट में चालान तथा 30 वाहन चालकों का 185 एमवी एक्ट में चालान कार्यवाही की गई।

प्रभारी

पुलिस नियंत्रण कक्ष,
आयुक्तालय जोधपुर।

14-Mar-24